# मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अमझेरा स्थित श्रीकृष्ण रूकमणी हरण स्थली के श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक हलचल हुई तेज

## धार कलेक्टर सहीत अन्य प्रषासनिक अधिकारीयों ने कार्यक्रम स्थल का किया दौरा हेलीपेड बनाने सहीत परिसर को स्वच्छ करने के दिये निर्देश





**अमझेरा (विक्रमसिंह राठौर)।** जहॉ-जहॉ पांव पड़े श्री कृष्ण के उन स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसीत करने की बात विधानसभा के सदन में करने वाले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक बार फिर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शनिवार को लगातार दुसरी बार अमझेरा स्थित श्रीकृष्ण रूकमणी हरण स्थली पहुंच रहे है हांलाकी इसके पूर्व मुख्यमंत्री बनने के बाद भी वे यहॉ पहुंच चुके इस प्रकार वे तीसरी बार अमझेरा पहुंच रहे है। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर शासन-प्रषासन के द्वारा तैयारीयॉ कर दी गई है जिसे लेकर गुरूवार को धार कलेक्टर प्रियंक मिश्र,अपर कलेक्टर,सरदारपुर एसडीएम आषा परमार सहीत अन्य प्रषासनिक अधिकारी कार्यक्रम स्थल माता अमका-झमका मंदिर परिसर पहुंचे। धार कलेक्टर ने यहॉ मुख्यमंत्री के दर्षन-पूजन की व्यवस्था देखी एवं परिसर में स्वच्छता के लिए पंचायत सचिव गोपाल कुमावत को निर्देष दिये वहीं अन्य अधिकारीयों को मंदिर साज सज्जा व लाईटिंग की व्यवस्था देखने की बात कही साथ ही उन्हौने यहॉ हेलीपेड स्थल का निरीक्षण किया । इधर जन्माष्टमी के पर्व पर मध्यप्रदेष शासन संस्कृति विभाग एवं जिला प्रषासन के सहयोग से श्रीकृष्ण पर्व हलधर महोत्सव एवं लीलाधारी का प्रकटोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम 16 एवं 17 अगस्त को महल परिसर में किया जाना है जिसमें 16 अगस्त की शाम को बधाई नृत्य की प्रस्तुती दिलीप संदेला सागर की टीम द्वारा एवं भक्ति गायन में प्रख्यात गायक कलाकार चरणजीतसिंह सौंधी मुंबई के द्वारा प्रस्तुती दी जावेगी जिसमें मुख्यमंत्री भी सम्मिलीत हो सकते है वहीं 17 अगस्त की शाम को कृष्णरंग नृत्य नाटिका की प्रस्तुती रंग त्रिवेणी भोपाल की टीम द्वारा एवं भक्ति गायन धार जिले प्रख्यात लोकगायक कलाकार आनंदीलाल भावेल की टीम द्वार दी जावेगी। कलेक्टर द्वारा अधिकारीयों के साथ महल परिसर का भी अवलोकन कर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया एवं महल में भी साफ-सफाई व लाईटिंग की व्यवस्था के निर्देष दिये गये । इस मौके पर भाजपा के स्थानिय जनप्रतिनिधि कमल यादव,निलांबर शर्मा, रवि पाठक,भगवानदास खंडेलवाल,षुभम दीक्षित,विजय दीक्षित, अमका-झमका विकास समिति के अध्यक्ष प्रकाष राठौड़ आदि अन्य उपस्थित रहे। उल्लेखनिय है इसके पूर्व वर्ष 2024 में 2 मार्च एवं 25 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मुख्यमंत्री अमझेरा आ चुके है तथा माता अमका-झमका तीर्थ को उज्जैन महाकाल लोक की तर्ज पर श्रीकृष्ण रूकमणी लोक बनाने की घोषणा कर चुके है।

## डही में जन्माष्टमी पर होगी भव्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता



**डही।** नगर में जन्माष्टमी पर्व के मौके पर शाम को नए बस स्टैंड पर भव्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश भाजपा मंत्री जयदीप पटेल द्वारा आयोजित किया गया है। इसमें जीतने वाले प्रतिभागी को श्री पटेल के सौजन्य से 35 हजार रुपए नगद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी। इसकी तैयारी को लेकर प्रदेश भाजपा मंत्री पटेल द्वारा गुरुवार को यहां भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। इसमें तैयारी को अंतिम रूप देते हुए विचार विमर्श कर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने की रणनीति बनाई गई। बैठक में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दरियाव सिंह जमरा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश कन्नौज, डही मंडल भाजपा अध्यक्ष पूनम सिंह मंडलोई, बड़दा भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाश डावर, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष भार्गव, मुकेश बघेल, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू शर्मा, पार्षद संतोष सोलंकी, मंसूर सिद्दीकी, संग्राम बामनिया, भगावा सरपंच कैलाश पटेल, डॉ दुर्गेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# तिरंगायात्रा में दिखा, देशभक्ति का जज्बा, नगर में निकाली बाइक तिरंगा यात्रा





**बाग। स्वतंत्रता दिवस से पहले हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के बाग मंडल ने तिरंगा बाइक रैली निकाली । दोपहर 2ः00 बजे जबरेश्वर महादेव मंदिर के पास प्रांगण से सर्व प्रथम भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर व पूजन अर्चन कर तिरंगा यात्रा की शुरुआत हुई**

यात्रा महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई जो नगर के मुख्य मार्ग होते हुए जबरेश्वर महादेव मंदिर पहुंची यात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत हुआ । पूरा नगर भारत माता की जय ,वंदे मातरम के जयघोष से गूंजा नगर यात्रा में सैकड़ो कार्यकर्ता तिरंगा लहरा रहे थे तिरंगा यात्रा के प्रभारी पूर्व विधायक कुक्षी मुकाम सिंह किराड़े ने तिरंगा यात्रा के महत्व पर प्रकाश डाला एवं कहां की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासशील मनसा का ही परिणाम है कि पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकल रही है किराड़े ने सभी से हर घर पर तिरंगा लगने की अपील भी की । भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया ने इस अवसर पर भाजपा की नीतियों एवं कार्यक्रम की खुलकर सराहना की एवं कहां की सन 1947 के पहले अंग्रेजों का शासन था जब हम गुलाम थे लेकिन आज मोदी जी के नेतृत्व में पूरा भारत निरंतर प्रगति कर रहा है । इस अवसर पर पूर्व विधायक मुकाम सिंह निंगवाल , अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह मेरती, पुर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश झाबा, पुर्व मंडल अध्यक्ष अभय सिंह मंडलोई, बाग सरपंच धर्मेंद्र बामनिया, मंडल महामंत्री अंकित झंवर, मंडल महामंत्री सुरेश रावत, भाजपा नेता श्याम सुंदर अगाल,भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अर्जुन जमरा, मंडल उपाध्यक्ष प्रताप चौहान, कुंवर सिंह डावर, डां विवेक राठौड, प्रकाश शर्मा, डां प्रकाश पटेल, भेरूलाल धारवाल, ब्रज जाजू,निरेश जैन , राजेश बलदवा, महेश मोरी ,केशरसिह मंडलोई, विक्रम सिसोदिया, सोमला बघेल अमरसिंह चौहान, सुखलाल ठेकेदार, कालुसिह चौहान, संजय निगवाल, शंकर मंडलोई ,लालू सोलंकी, भुरू पटेल, अंश जैन, राजु सिसोदिया, अमरसिंह चौहान, भारत मंडलोई, तिरंगा यात्रा में आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# डेहरी में गाय के साथ क्रूरता कर हत्या, गर्भवती गाय का पेट काटा

## कुक्षी थाना प्रभारी राजेश यादव को सौंपी जांच 24 घण्टे में होगा अपराधी सलाखों के पीछे, डेहरी बस स्टैंड पर हिंदू संगठन का चक्काजाम एसडीएम की समझाइश के बाद हटा चक्काजाम





डेहरी ( नदू जावेद खान)। धार जिलें के डेहरी में सनसनीखेज वारदात को आरोपियों ने अंजाम दिया यहां बीती रात में सीरवी समाज के किसान नारायण पिता लालिया काग के खेत से गर्भवती गाय को काटकर मांस ले जाने के चक्कर में गाय का पेट फाड़कर उसके बछड़े को भी छितविछित कर दिया ,हथियार से पेट फाड़ कर मास भी निकाल लिया ग्रामीणों को खबर लगते ही डेहरी सहित आसपास के लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला।

यहां चौकी से 2 किलोमीटर दूर खेत में विक्षत हालत में पड़ी गो माता को देखकर लोगों का दिल दहल गया जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने बस स्टैंड पर चक्काजाम कर दिया चक्काजाम की सूचना मिलते ही तत्काल कुक्षी SDOP सुनील गुप्ता व TI राजेश यादव ने डेहरी मौके पर पहुंचकर लोगों के साथ बातचित कर ग्रामीणजन् को समझाने की कोशिश कि पर ग्रामीणजन नहीं माने और Sdm kukshi से बात कर अणे रहे फिर कुक्षी स्छरू मौके पर पहुंचे और ग्रामीणजन से बात कर आश्वसन दिया उसके बाद ग्रामीणजन माने और चक्काजाम हटाया जहां स्छरू ने मौका मुआयना किया साथ ही पशु चिकित्सक को तत्काल पोस्ट मॉडम कर जांच रिपोर्ट देने को कहा इधर बस स्टैंड पर खड़े हिन्दू संगठनों को समझाई देकर 24 घंटे में गौ माता के हत्यारे आरोपियों को पकड़ने की बात कही वहीं पशु चिकित्सक की टीम ने जांच में पाया कि गौ माता को किसी धारदार हथियार से काटा गया ओर उसके अन्दर से बहुत से प्रकार के अंग गायब है साथ ही गो माता गर्भवती थी जिसके पेट में 8 माह के लगभग बछ्ड़ा था डेहरी ओर बाग में आपराधिक ग्राफ बढ़ते हुवे देख कर ह्यस्त्रद्ब धाकड़ ने बाग थाना प्रभारी कैलाश चौहान को जनता के सामने लगाई फटकार कहा आप जनता की बातों को सुनो इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी चेहरे पर शिकन नही दिखी बाग थाना प्रभारी को गाय के मामले से रखा दूर कुक्षी थाना प्रभारी राजेश यादव को सोपि जांच 24 घण्टे में होगा अपराधी सलाखों के पीछे।

# पीला पड़ने लगा निमाड़ का 'पीला सोना'... बादलों की बेरुखी ने किसानों की बढ़ाई चिंता



**सिंघाना (चेतन जिराती)।** सिंघाना में एक बार फिर बारिश की बेरुखी ने किसानों के माथे पर बल ला दिया है, उनकी रातों की नींद उड़ा दी है। शुरुआती दौर में अच्छी बारिश से सिंघाना के किसान काफी खुश नजर आ रहे थे, जैसे तैसे फसलों को सहेज कर खेती-किसानी के काम में जुटे रहे। अब सप्ताह भर से ज्यादा समय से बारिश नहीं होने के चलते खेतों में खरपतवार मच्छर किट इल्ली का प्रकोप बढ़ने लगे हैं। बारिश नहीं होने की वजह से कीटनाशक दावों का भी असर कम हो रहा है जिससे किसान काफी परेशान और मायूस नजर आ रहे हैं। सिंघाना के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में इस बार मक्का और सोयाबीन का रकबा अधिक है। लेकिन बारिश नहीं होने की वजह से उत्पादन पर काफी प्रभाव पड़ेगा। किसानों का कहना है कि सोयाबीन और मक्का में इल्ली का प्रकोप अधिक हो रहा है जिन पर कीटनाशक दवाइयां का भी प्रभाव नहीं हो रहा है जिससे फसल चौपट हो रही है साथ ही साथ फसलों में पीलापन भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है जो कुछ दिनों में सुख कर नष्ट हो जाएगी। युवा किसान शक्ति शर्मा ने बताया कि सोयाबीन में फूल आना प्रारंभ हो गए हैं लेकिन अत्यधिक धूप गर्मी के कारण फुल सुख कर गिरने लग गए हैं। जिसे सोयाबीन की फली बना मुश्किल हो गई है फसल पूर्ण रूप से नष्ट होती दिखाई दे रही है। किसान विजय पाटीदार और दिनेश पाटीदार ने बताया कि 10 बीघा में उच्च क्वालिटी का हाइब्रिड कपास लगाया है जो एक सप्ताह पहले अच्छा था और अच्छे उत्पादन की उम्मीद थी लेकिन बारिश नहीं होने के कारण फसल में चिपचिपा रोग हो गया हे। जिससे पत्ते खराब हो रहे हैं। एक-दो दिन में तेज बारिश नहीं हुई तो फसल पर काफी प्रभाव पड़ेगा और कपास की क्वालिटी खराब हो जाएगी उत्पादन भी काम होगा। महेश महेश ने बताया कि तीन बीघा में हाइब्रिड पीला मक्का लगाया है। जो पक के तैयार हो रहा है। लाइन बारिश की कमी के कारण मक्के का दाना छोटा और क्वालिटी पर काफी प्रभाव पड़ेगा । **बरसात की कमी और इल्ली का हमला-** निमाड़ क्षेत्र में बरसात नहीं होने और गरमी, उमस के कारण सोयाबीन की फसल में इन दिनों इल्ली का प्रकोप दिखाई देने लगा है। इससे किसान चिंतित हैं। किसान इल्ली प्रकोप से फसलों की सुरक्षा के लिए हजारों रुपए खर्च बाजार से कीटनाशक दवाएं खरीद कर सोयाबीन की फसल फर स्प्रे कर रहे हैं। पहले किसान खरपतवार नाशक दवाओं के छिड़काव कर निपटे ही थे कि फसल को इल्ली प्रकोप ने घेर लिया है। इसके उन्मूलन पर फिर दवाओं के छिडकाव कर फसलों को इल्ली प्रकोप से बचाने में लगे हैं। इससे फसल की लागत बढती जा रही है। इससे किसानों को नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है। कई किसान कर्जा लेकर फसलों को बचाने में लगे हैं।


**ADCON CAPITAL SERVICES LIMITED**

Regd. Office : 417, Chetak Centre NX, Near Hotel Shreemaya RNT Marg, Indore, Madhya Pradesh, 452001
CIN : L67120MP1994PLC008511 Email : adconcap@gmail.com, Website : www.adconcap.com

**Statement of Unaudited Financial Results for the Quarter ended 30th June 2025**

₹ in Lakhs

| Sr. No. | Particulars | Quarter ended 30th June 2025 | Quarter ended 30th June 2024 | Year Ended 31st March 2025 |
|---|---|---|---|---|
| | | Un-Audited | | Audited |
| 1 | Total Income from Operations (Net) | 93.10 | 46.99 | 324.11 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 64.66 | 22.94 | 274.59 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 64.66 | 22.94 | 274.59 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 48.39 | 17.14 | 218.29 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 50.02 | 36.10 | 160.56 |
| 6 | Paid-up Equity Share Capital | 3,181.28 | 3,181.28 | 3,181.28 |
| 7 | Face Value of Equity Shares | 1.00 | 1.00 | 1.00 |
| 8 | Other Equity | | | 219.16 |
| 9 | Earning Per Share (before Extra-Ordinary items) of ₹ 1/- each (for continuing and discontinued operations) | | | |
| | a) Basic | 0.02 | 0.01 | 0.07 |
| | b) Diluted | 0.02 | 0.01 | 0.07 |

Notes :
1. The above is an extract of the detailed format of Standalone Un-Audited Financial Results for the quarter ended 30th June 2025 filed with the Stock Exchange/s under Regulation 33 of the SEBI LODR Regulations, 2015. The full format of the Un-Audited results for the Quarter ended 30th June 2025 is available on the Company website "www.adconcap.com" and on the Stock Exchange website i.e. www.bseindia.com.

Place : Indore
Date: August 14, 2025

For Adcon Capital Services Limited
Sd/-
Piyush Saraf
Managing Director


# स्वच्छता और राष्ट्र प्रेम का संगम, महाविद्यालय में आयोजित हुआ हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान



**कुक्षी।** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय, कुक्षी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा चलाए जा रहे ÷हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता- स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग÷ अभियान ने विद्यार्थियों और नगरवासियों में देशभक्ति के साथ स्वच्छता के प्रति जागरूकता का नया उत्साह भर दिया है।

अभियान के प्रथम दिवस की शुरुआत परिचर्चा और तिरंगा रैली से हुई। रैली में स्वयंसेवकों ने तिरंगे की महत्ता और स्वच्छता का संदेश देते हुए नारे लगाए और नगरवासियों को प्रेरित किया। परिचर्चा में वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता केवल अधिकारों का प्रतीक नहीं, बल्कि यह हमारे कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का स्मरण भी कराती है। द्वितीय दिवस पर गांधी प्रतिमा स्थल, परिसर की वाटिका और पूरे महाविद्यालय परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों और महाविद्यालय कर्मचारियों ने मिलकर परिसर को साफ-सुथरा बनाया। इस दौरान सभी ने संकल्प लिया कि स्वतंत्रता दिवस का पर्व केवल झंडा फहराने तक सीमित न रहकर स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत के निर्माण का अवसर बने। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह तड़वाल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा तिरंगे की असली शान तभी है, जब हमारा परिवेश स्वच्छ हो और हम अपने कर्तव्यों का पालन करें। स्वच्छता में अग्रणी भूमिका निभाने वाले प्राध्यापक सी. एस. निंगवाल ने कहा कि महाविद्यालय की स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह राष्ट्रप्रेम की सच्ची अभिव्यक्ति है। अभियान में डॉ. जी. एस. चौहान, डॉ. विनोद वर्मा, डॉ. वीरेन्द्र सोलंकी, डॉ. जगतसिंह मंडलोई, डॉ. हिमांशु भालसे और श्री जी. एस. रावत की उपस्थिति रही। महाविद्यालयीन कर्मचारी श्री राजू बघेल, श्री नानसिंह बघेल और श्री कमलेश गोखले ने अपनी मेहनत और निष्ठा से अभियान को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम का आयोजन शासन की मंशानुरूप बलराम जयंती के पावन अवसर पर हुआ, जिससे इसका महत्व और बढ़ गया। भगवान बलराम, जो परिश्रम, शक्ति और स्वच्छता के प्रतीक हैं, का जीवन हमें सिखाता है कि जैसे वे धरती को हल से जोतकर उर्वर और स्वच्छ बनाते थे, वैसे ही हमें अपने परिवेश को स्वच्छ और सुंदर रखना चाहिए। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने संकल्प लिया कि वे सदैव स्वच्छता में अग्रणी रहेंगे और तिरंगे की शान के साथ भारत की पहचान को गौरवपूर्ण बनाए रखेंगे।